भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 03 अप्रैल 2024, बुधवार

<u>केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर की जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु</u>

किसानों के उत्थान के लिए समर्पित है मोदी सरकार
****
उत्तर प्रदेश के पहले चरण में सभी 14 सीटों पर खिलेगा कमल
****
मोदी सरकार ने गन्ने की FRP को 210 रुपये से बढ़ाकर 340 रुपये प्रति क्विंटल किया
****
मोदी जी ने देश के किसान, गरीब और पिछड़ों को मजबूत बनाया
****
भाजपा सरकार में निर्दोष नागरिक नहीं, गुंडे पलायन कर रहे हैं
****
किसानों की आय बढ़ाने के लिए मोदी जी ने एथेनॉल को बढ़ावा दिया
****
बसपा शासन में 19 और सपा में 10 चीनी मिलें बंद हुए, भाजपा ने 20 मिलें शुरु की
****

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर में जनसभा को संबोधित किया। श्री अमित शाह ने आगामी लोकसभा चुनावों में जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य पर जोर दिया। उन्होंने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की तुलना विपक्ष के नेतृत्व वाले भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के गठबंधन से की। श्री शाह ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की लोकप्रियता और शासन के ट्रैक रिकॉर्ड पर प्रकाश डालते हुए 400 सीटों का लक्ष्य को पूरा करने का आह्वान किया।

श्री अमित शाह ने कहा कि **यह चुनाव प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है**। मोदी सरकार ने गरीबों और किसानों के उत्थान के लिए बहुत सारे काम किए हैं। **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गन्ना के लिए राष्ट्रीय नीति बनाकर, किसानों को लाभ पहुंचाया है। यूपीए कार्यकाल में गन्ने की एफआरपी ₹210 प्रति क्विंटल थी, जिसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बढ़ाकर ₹340 प्रति क्विंटल किया**। इसी प्रकार भुगतान के 1995 से 2017 में औसत भुगतान 23 हजार करोड़ रू. होता था, लेकिन मोदी सरकार द्वारा 2 लाख 50 हजार करोड़ रू. का भुगतान किया गया है। **बसपा के शासन में 19 चीनी मीलें बन्द हुईं, सपा के शासन में 10 चीनी मिलें बंद हुईं, लेकिन भाजपा के शासन में 20 से अधिक चीनी मिलों को शुरू किया गया और 5 नई चीनी मिल बनाई गई।**

श्री अमित शाह ने बताया कि **2014-15 के दौरान पेट्रोल में इथेनॉल नहीं मिलाया गया। भारतीय जनता पार्टी इथेनॉल की नीति लेकर आई, जिसके कारण आज 154 करोड़ लीटर इथेनॉल पेट्रोल में मिलाया जा रहा है, जिससे गन्ना किसानों को लाभ प्राप्त रहा है।**

कांग्रेस पर तंज कसते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी 50 साल से अनुच्छेद 370 को 70 साल से संभाल कर रखा था, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 समाप्त कर दिया**। धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का अभूतपूर्व अंग बनाने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संभव हुआ है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कश्मीर से आतंकवाद को समाप्त किया है। सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुस कर आतंकवाद का सफाया करने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया। **कांग्रेस पार्टी 50 वर्षों तक राम मंदिर के निर्माण को अटकाकर और भटकाकर रखा, लेकिन यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण करवाकर, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध किया है।**

श्री अमित शाह ने जानकारी देते हुए कहा कि आजादी के बाद समर्थन मूल्य पर सबसे अधिक खरीदी मोदी सरकार द्वारा की गई है। 2017 से पहले **उत्तर प्रदेश में असुरक्षा के चलते पलायन** बढ़ गया था. **2017 के बाद मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने पलायन को रोककर एवं उत्तरप्रदेश से गुंडाराज को समाप्त करके लोगों को सुरक्षा प्रदान की है।** श्री शाह ने इंडी गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि **12 लाख करोड़ का घोटाला करने वाले सभी नेता घमंडिया गठबंधन में इकट्ठे हुए है। इंडी गठबंधन ने "भ्रष्टाचारी बचाओ" रैली बनाकर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने की बात की।** 2014 में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा था कि जिन्होनें भ्रष्टाचार किया है वह जेल जाएंगे और 2024 में भी यही कह रहे हैं। **विपक्षी गठबंधन का उद्देश्य भ्रष्टाचार करना और परिवारवादी लोगों को मुख्यमंत्री बनाना है, जबकि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का उद्देश्य देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, वंचितों को अधिकार प्रदान करके देश की नींव को मजबूत बनाना है।** श्री अमित शाह ने हुंकार भरते हुए जनता से एनडीए को 80 सीटों पर जीत हासिल करवाने और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को एक फिर से प्रधानमंत्री बनाने और 400 से अधिक सीटों पर विजयी बनाने का आग्रह किया।

****